नोटिस बैनर टीएमबीयू : स्नातक सेमेस्टर वन में पहली मेधा सूची के छात्र-छात्राओं का नामांकन शुरू

prabhatkhabar.com

5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
- Eye Strain
- Eye Dryness
- Eye Tiredness
- Eye Freshness
- Eye Cleanliness

आँखों की थकान का आसान समाधान

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS

24x7 Helpline: 8196822222 •
www.eyemantra.com
Available at all leading medical stores

Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

बीएन कॉलेज में एईडीपी कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

वरीय संवाददाता, भागलपुर

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय अंतर्गत बीएन कॉलेज में शुक्रवार को अप्रेंटिसशिप आधारित डिग्री प्रोग्राम कोर्स के लिए दो विषयों में नामांकन को लेकर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया.

लोक भवन से कॉलेज में बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन्स और बीकॉम इन ई-कामर्स ऑपरेशन्स में 60-60 सीटों पर नामांकन की अनुमति मिलने के बाद यह आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्र 2026-30 के लिए हो रहा है, जो 19 जून तक होगा. यह कोर्स रोजगारपरक है.

प्राचार्य डॉ अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल जानकारी ले सकेंगे और उद्यम के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे. पिछले माह एमओयू भी हो चुका है. डॉ इंदु कुमारी को एईडीपी की नोडल अधिकारी बनाया गया है. इस कोर्स में आईए, आईएससी, आइकॉम अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण किसी भी संकाय के विद्यार्थी नामांकन आवेदन कर सकते हैं. इस चार वर्षीय व आठ सेमेस्टर डिग्री प्रोग्राम है.

सेमेस्टर-5 और सेमेस्टर-6 के दौरान एक वर्ष की अप्रेंटिसशिप/ इंटर्नशिप जरूरी है. पाठ्यक्रम शुल्क 12000 प्रति सेमेस्टर लगेगा. आवेदक विस्तृत जानकारी बीएन कॉलेज के आधिकारिक वेबसाइट bncollegebgp.ac.in से ले सकते हैं.

टीएमबीयू में स्नातक सेमेस्टर वन में नामांकन शुरू, कॉलेज में खुले काउंटर

भागलपुर. तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय अंतर्गत कॉलेजों में स्नातक सेमेस्टर वन सत्र 2026-30 में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी. इसे लेकर कॉलेजों में काउंटर भी खुल गये. पहली मेधा सूची में नाम आने वाले छात्र-छात्रा अपना-अपना डॉक्यूमेंट लेकर कॉलेज पहुंचने लगे. ऑनलाइन नामांकन व्यवस्था में भी दस्तावेज का सत्यापन कॉलेज में हो रहा है. मारवाड़ी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो संजय कुमार झा ने बताया कि कॉलेज के आधिकारिक वेबसाइट पर नामांकन के लिए लिंक उपलब्ध है.

टीएमबीयू में प्रोन्नति मामले को ले सीनेट सदस्यों ने उठायी मांग

भागलपुर. सीनेट सदस्यों रंजीत कुमार और डॉ राजेश कुमार तिवारी ने टीएमबीयू के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लंबित प्रोन्नति मामलों के समाधान की कुलपति से मांग की है. रंजीत कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय परिनियम 429 (04 मार्च 2014) के तहत शिक्षकेतर कर्मचारियों को कालावधि एवं मेधा प्रोन्नति का लाभ देने का प्रावधान है. फिर भी 10 साल बाद भी लाभ नहीं मिल पा रहा है. सीनेट सदस्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने शिक्षकों की कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत लंबित प्रोन्नति प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की. बताया कि राजभवन ने सभी विश्वविद्यालयों को 15 जून से प्रोन्नति संबंधी लंबित मामलों पर कार्रवाई शुरू कर 15 सितंबर तक निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.

चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

भागलपुर. तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को लंबित एरियर व बकाया राशि के भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा. सचिव सुधीर कुमार बताया कि कर्मचारियों को तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है. साथ ही अवकाशप्राप्त कर्मचारी को चार माह की पेंशन नहीं मिली है. ऐसे में कर्मचारियों की दयनीय स्थिति हो गयी है.

प्रतियोगिता. 22 जिलों की टीमें शामिल, 250 खिलाड़ी ले रहे भाग

बिहार स्टेट सब जूनियर-जूनियर वुशु चैंपियनशिप का हुआ उद्घाटन

प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जिलाधिकारी व अन्य अतिथि.

वरीय संवाददाता, भागलपुर

16वीं बिहार राज्य सब जूनियर व जूनियर वुशु प्रतियोगिता 2026 का उद्घाटन जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने किया.

भागलपुर वुशु संघ के महासचिव ने बताया कि पांच से सात जून तक खेल भवन सह व्यायामशाला में 16वीं बिहार राज्य सब जूनियर व जूनियर वुशु प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इसमें 22 जिले की टीम भाग ले रही है. लगभग 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. उद्घाटन में जिला पदाधिकारी के साथ विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार, बिहार वुशु संघ के महासचिव सुमन मिश्रा, भागलपुर वुशु संघ के संरक्षक डॉ तपन घोष, डॉ पवन पोद्दार, अध्यक्ष राजीवकांत मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईशा मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

माउंट असीसी स्कूल के 12 खिलाड़ी 37वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा

भागलपुर. माउंट असीसी स्कूल भागलपुर के 12 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 37वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए स्थान सुनिश्चित किया है. यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पांच जून से 7 जून तक डीपीएस स्कूल, भभुआ (केमूर) में हो रही है. सब जूनियर (बालिका वर्ग) प्राप्ति प्रिया, दिशा श्री, अपिता राज, सीन्या प्रियदर्शिनी, परी, कल्पना, कैडेट (बालिका वर्ग) में सृष्टि, सृष्टि सिंह, ख्याति सिंह, कैडेट (बालक वर्ग) में ध्रुव राज, उत्कर्ष राज, आशुतोष पाठक शामिल हैं. बालिका टीम की कोच विद्या रॉय खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रही हैं. विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर कुरियन टोर, उप-प्रधानाचार्य फादर जोसेफ टोर, विद्यालय प्रबंधन, अध्यक्ष तुलसी कुमार, सचिव राकेश साहू, तथा शिक्षकगण अजय सर, संदीप, सौरभ, खुशी एवं सुजीत ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की.

चयनित खिलाड़ी.

अनशन पर बैठे रणजी खिलाड़ी सेक्रेटरी पर लगाये गंभीर आरोप

रणजी से मिलने वाले मैच फीस का आधा पैसा मांगने का लगाया आरोप

वरीय संवाददाता, भागलपुर

सीडिस में अनशन पर बैठे रणजी खिलाड़ी सचिन कुमार.

भागलपुर के रणजी खिलाड़ी सचिन कुमार ने शुक्रवार को सैंडिस कंपाउंड स्थित क्रिकेट ग्राउंड में आमरण अनशन किया. इस दौरान उन्होंने भागलपुर क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के सेक्रेटरी डॉ जयशंकर ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाये.

कहा कि सेक्रेटरी द्वारा रणजी से मिलने वाले मैच फीस का आधा पैसा मांगा जाता है और नहीं देने पर हमें खेलने से रोका जा रहा है. बी डिवीजन के मैच के नाम पर 30 टीमों से पैसा लिया जा रहा है और मैच नहीं कराया जा रहा है. इसके अलावा कई अन्य गंभीर आरोप लगाये.

वहीं खिलाड़ी सचिन कुमार के समर्थन में 10 से 15 खिलाड़ी अनशन पर बैठे थे. हालांकि, देर शाम जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार ने अनशन पर बैठे खिलाड़ियों से मुलाकात की.

उन्होंने आश्वासन दिया कि छह दिन के अंदर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी. इसके बाद खिलाड़ियों ने अनशन समाप्त कर दिया. वहीं सेक्रेटरी डॉ जयशंकर ठाकुर ने कहा कि सभी आरोप गलत हैं. अगर ऐसा कुछ है तो वे साक्ष्य उपलब्ध कराएं.

टीएमबीयू सांस्कृतिक परिषद का पुनर्गठन

भागलपुर. तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय अंतर्गत सांस्कृतिक परिषद का पुनर्गठन किया गया. परिषद में नये सदस्य एसएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ निशा झा, पीजी संगीत की हेड डॉ अंजू कुमारी, क्रोड़ा परिषद के सचिव डॉ संजय कुमार जायसवाल, एसएम कॉलेज के संगीत विभाग की हेड डॉ अमृता प्रियंवदा को जोड़ा गया. कुलपति विमलेंदु शेखर झा ने आदेश जारी कर बताया कि इस परिषद के अध्यक्ष डीएसडब्ल्यू होंगे.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baruda

शाखा-बांका
विपणन कॉम्प्लेक्स, नेहरु रोड़ब्ल की पहली मंजिल, कटोरिया रोड, बांका, बिहार-813102

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

[(सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इन्फोर्समेंट) नियमावली, 2002 के अंतर्गत नियम 8(1) के अधिनियम IV को अनुसार]

सिक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फिनांसियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अधीन अधोहस्ताक्षरी **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा, धारा 13 (12) के साथ पठित सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इनफोर्समेंट) नियमावली 2002 के नियम 3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग करते हुए मौंग नोटिस जारी किया गया था। जिसमें अभोहस्तिक उधारकर्ता/जमानतकर्ता को उक्त नोटिस प्राप्ति के 60 दिनों के अंदर नोटिस में वर्णित बकाया राशि के भुगतान के लिए कहा गया था।

उधारकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता के उक्त भुगतान न करने के कारण, उधारकर्ता / जमानतकर्ता/बंधककर्ता एवं सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पठित नियम 8 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, नीचे दिए गए वर्णित संपत्तियों पर कब्जा प्राप्त कर लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतकर्ता / बंधककर्ता और सर्वसाधारण को यह चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित संपत्ति क्रय-विक्रय न करें। यदि किसी प्रकार का लेन-देन इन संपत्ति पर किया जाता है तो ऑल्लिखित राशि और आगे ब्याज सविदात्मक दर से पनस लागत, शुल्क एवं खर्च भुगतान की तिथि तक के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा** का प्रभार रहेगा।

उधारकर्ता सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त कराने हेतु उपलब्ध समय-सीमा के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए ध्यान दें।

शाखा का नाम/उधारकर्ता का नाम/मांग सूचना की तिथि/खाता सं. /कब्जा की तिथि/मांग सूचना में उल्लेखित राशि	बैंक ऑफ बड़ौदा को प्रभारित अचल संपत्तियों का विवरण
शाखा- बांका **उधारकर्ता का नाम**- मेसर्स पंकज सहा, प्रो. पंकज सहा, पिता श्री बालेश्वर साह **मांग सूचना की तिथि**- 22.09.2025 **कब्जा सूचना की तिथि**- 04.06.2026 **बकाया राशि**- ₹.12,41,698.08 (रुपये बारह लाख इकतालीस हजार छह सौ अट्ठानवे एवं आठ पैसे मात्र) - दिनांक 22.09.2025 तक के अन्य शुल्क एवं सविदात्मक दर पर उस पर ब्याज, खर्च ही भुगतान की तिथि तक की लागत, शुल्क एवं व्यय।	1. पंजीकृत बंधक विलेख संख्या 4931 दिनांक 02.04.2024, खाता संख्या 9 (नया) 60 (पुराना), खेसरा संख्या 119 (नया) 321 (पुराना), वार्ड संख्या 9, थाना संख्या 75, बांका, क्षेत्रफल 1.42 डेसिमल यानी 619 वर्ग फुट, नगर पालिका बांका, जिला बांका-813102, बिहार, सावो देवी के नाम पर। **चौहद्दी**: उत्तर- निज सेलर, पूर्व- रास्ता 4 फुट, दक्षिण- निज सेलर, पश्चिम- श्रीमती नीता देवी 2. पंजीकृत बंधक विलेख संख्या 886 दिनांक-08.06.1981 खाता संख्या 100 (नया) 62K (पुराना), खेसरा संख्या 426 (नया) 308 (पुराना), वार्ड संख्या 10, थाना संख्या 795, बांका, क्षेत्रफल 4.00 डेसिमल यानी 1744 वर्ग फुट, वार्ड संख्या 10, मौजाः रैनिया, बांका, जिला-बांका-813102, बिहार, श्री बालेश्वर साव के नाम पर। **चौहद्दी**: उत्तर- श्रीमती राधा देवी पति मुरलीधर साव, पूर्व- नाहर/पीसीसी सड़क, दक्षिण- चंद्रमणि राज, पश्चिम- रामसिंह

दिनांक-04.06.2026
स्थान- बांका

नोट:-बाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बाँसी शाखा, रानीगंज ब्लॉक, अररिया बिहार-854312, मोबाइल: 7781004930
ईमेल आईडी-bausix@bankofbaroda.com

वाहन ई-नीलामी सूचना

आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने पक्षों द्वारा निष्पादित बंधक/ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित बंधक मोटर वाहन को पुनः प्राप्त/जब्त कर लिया है एवं वाहन को **'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है'** और **'जो कुछ भी है'** के आधार पर नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। उधारकर्ता/गारंटर/वाहन/कुल बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र.सं	उधारकर्ता / गारंटर का नाम एवं पता	कुल बकाया राशि (बासलिक रूप में) (ब्याज सहित दिनांक 31.05.2026 तक) बाद्दी की गई राशि (यदि कोई हो) घटाकर	वाहन निर्माण एवं मॉडल आरटीओ पंजीकरण संख्या	1. ई-नीलामी की तिथि ई-नीलामी का समय - प्रारंभ समय से समाप्ति समय 2. बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य - 2. बयाना राशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि	ईएमडी जमा खाता संख्या _____ IFSC कोड _____ बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा_____	वाहन/चल संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1	श्रीमती विशेखा देवी पति प्रमोद जयसवाल, ग्राम- चिरवा रीसा, महुआ पुल, पोस्ट-लहुनाग बर्काक- रानीगंज, जिला- अररिया, पिन- 854312 (बिहार)	₹ 1,46,181.97 + अन्य शुल्क + अतिरिक्त ब्याज दिनांक 01-06-2026 से प्रभावी	**वाहन - ट्रैक्टर -** EICHER 242XTRACK **श्रीमती विशेखा देवी** पति प्रमोद जयसवाल के नाम पर पंजीकरण संख्या - BR38G8757, दिनांक - 27.03.2019, बॉडी टाइप - कृषि, रंग - लाल, चेसिस संख्या - 927821027785, इंजन संख्या- 527829145584 धन क्षमता- 1557	(i) नीलामी की तिथि- 22.06.2026 (ii) समय- 11:00 बजे से 18:00 बजे तक (iii) अंतिम तिथि- 22.06.2026, 18:00 बजे	आरक्षित मूल्य- ₹1,35,000 ईएमडी- ₹ 13,500 बोली वृद्धि राशि- ₹ 10,000	ईएमडी जमा खाता संख्या- 45360015181219 आईएफएससी कोड- BARB0BAUSIX बैंक ऑफ बड़ौदा, बाँसी शाखा, अररिया	**भौतिक** (वाहन दिनांक 06.06.2025 को जब्त किया गया एवं टक्क प्रोफेशनल, रिकवरी एजेंट के पास रखा गया।) **निरीक्षण तिथि:** 20.06.2026 दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे

उपरोक्त क्रमांक के लिए Baanknet प्रॉपर्टी आईडी एवं नीलामी आईडी निम्नानुसार हैं-

क्र.सं	BAANKNET प्रॉपर्टी आईडी
1	BARB453620260001

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://baanknet.com पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता श्री आलोक कुमार से 7781004930 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक - 04.06.2026
स्थान - अररिया

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

अपनी शिकायत सचेत पोर्टल पर दर्ज करें

- यह पोर्टल, वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत दर्ज करने से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करता है।
- सचेत पोर्टल में दर्ज की गई शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित प्राधिकारियों को भेजा जाता है।
- उपयोगकर्ता पोर्टल पर अपनी शिकायतों को ट्रैक कर सकते हैं।

अपनी शिकायतें https://sachet.rbi.org.in पर दर्ज करें

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/sachet पर विजिट करें
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in